आईटी विज़ में परखा जाएगा स्कूली स्टूडेंट्स का आईटी टैलेंट

आईटी विज़ 29 सितंबर को, विजेताओं को मिलेंगे डेढ़ लाख के पुरस्कार

UPCOMING EVENT

सिटी रिपोर्टर • शहर के स्कूली स्टूडेंट्स का टेक नॉलेज परखने के लिए एक निजी आईटी कंपनी, आईटी विज़ कॉम्पीटिशन का आयोजन करने जा रही है। 29 सितंबर को देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी के खंडवा रोड स्थिति कैम्पस में बने ऑडिटोरियम में होने वाली इस कॉम्पीटिशन के तहत आठवीं से लेकर 12वीं कक्षा तक के स्टूडेंट्स शामिल हो सकेंगे। इस कॉम्पीटिशन के लिए स्टूडेंट्स को किसी तरह का कोई शुल्क नहीं देना होगा।

इन बिंदुओं पर होगी कॉम्पीटिशन

टेक्नालॉजी एन्वॉयर्नमेंट, बिज़नेस, न्यू ट्रेंड्स और लीजेंड्स सहित विभिन्न क्षेत्रों से ज़ुड़ी आईटी की अप्लीकेशन्स, क्लाउड कम्प्यूटिंग, टेलीकॉम, बायोमैट्रिक्स, रोबोटिक्स, इंटरनेट, यूनिक वेबसाइट्स, आईटी बज़वर्ड्स पर आधारित सवाल पूछे जाएंगे। इसके अलावा इस कॉम्पीटिशन में आईटी से प्रभावित क्षेत्रों से जैसे शिक्षा, मनोरंजन, किताबें, मल्टीमीडिया, म्यूज़िक, फिल्में, बैंकिंग, एडवर्टाइज़िंग, स्पोर्ट्स, गेमिंग से जुड़े सवाल पूछे जाएंगे। सोशल मीडिया और मोबाइल से जुड़े सवाल भी किए जाएंगे।

पुरस्कार में आईपैड एयर

कॉम्पीटिशन के प्रारंभिक राउंड में लिखित परीक्षा होगा। देश के 15 शहरों में होने वाले रीजनल राउंड में से रीजनल फाइनल के लिए 6 टीमों का चयन किया जाएगा। रीजनल फाइनल में विजेता टीमें दिसंबर में मुंबई में होने वाले मेगा फाइनल इवेंट में भाग लेंगी। रीजनल फाइनल के विजेताओं को पुरस्कार के रूप में एक-एक आई पैड एयर और उपविजेताओं को आई पैड मिनी मिलेगा। 6 फाइनलिस्ट्स को स्पेस पैक, सेल्फी स्टिक्स, ईयरफोन, ब्लूटूथ स्पीकर और पेन ड्राइव दिए जाएंगे।